सत्यमेव जयते
मनीषा सक्सेना, आई.आर.एस.
वरिष्ठ उपमहानिदेशक
Manisha Saxena, I.R.S.
Senior Deputy Director General

icmr
INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
भारत सरकार
वी. रामलिंगस्वामी भवन, अंसारी नगर
नई दिल्ली-110 029 (भारत)

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research
Ministry of Health & Family Welfare
Government of India
V. Ramalingaswami Bhawan, Ansari Nagar
New Delhi-110 029 (INDIA)

फा. सं. 20/01/24-हिंदी
दिनांक: 05.11.2024

महोदय/महोदया,

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप समिति द्वारा हाल ही में परिषद और मंत्रालय के कई अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान समिति ने यह पाया है कि कार्यालयों का मूल हिंदी पत्राचार और नोटिंग का प्रतिशत निर्धारित लक्ष्य से काफी कम है। राजभाषा हिंदी से संबंधित आदेशों/अनुदेशों का भी पूर्ण अनुपालन नहीं हो रहा है। संसदीय राजभाषा समिति ने इस बात को गंभीरता से लिया है।

भविष्य में, उक्त समिति के प्रस्तावित निरीक्षण दौरे- कोलकाता, मुंबई, बैंगलौर, जोधपुर, अहमदाबाद, भुवनेश्वर, चैन्नई, भोपाल आदि शहरों के लिए हो सकते है।

उल्लेखनीय है कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2024-25 में 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों के लिए पत्राचार और नोटिंग के लक्ष्य निर्धारित किए गए है। यह वार्षिक कार्यक्रम परिषद के हिंदी अनुभाग द्वारा दिनांक 02.04.2024 को सभी संस्थानों/ केन्द्रों में परिचालित किया गया है।

संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण दौरों को ध्यान में रखते हुए आपसे अनुरोध है कि आप इस मामले में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को अपना सरकारी कामकाज अधिक से अधिक हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित करें और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के भरसक प्रयास करें ताकि समिति के समक्ष परिषद की छवि धूमिल न हो।

शुभेच्छु,

5/11/24

(मनीषा सक्सेना)
वरि. उपमहानिदेशक (प्रशा.)

प्रतिलिपि :

1. परिषद के सभी प्रभाग प्रमुख
2. परिषद के सभी स्थाई केन्द्रों/संस्थानों के निदेशक/प्रभारी निदेशक

Tel. (off.) 91-11-26589330, Fax: 26588102
E-mail: srddga.hq@icmr.gov.in